भारत सरकार **मानव संसाधन विकास मंत्रालय** **(स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)**
संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के पद हेतु विज्ञापन
संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के पद वेतनमान रू.1,44,200 – 2,18,200/ - (अकादमिक लेवल-14) (संशोधन-पूर्व वेतन बैण्ड रू.37,400 से रू.67,000 /-) (वेतन बैण्ड 4) में रू.10,000 /- के एजीपी के साथ) हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। नियुक्ति की अवधि 5 वर्ष तक अथवा 65 वर्ष की आयु तक अथवा आगामी आदेशों तक के लिए, जो भी पहले हो, होगी। रोजगार समाचार दिनांक 03.11.2018 का अवलोकन करें व पात्रता तथा अन्य विवरणों के लिए **एनसीईआरटी** की वेबसाइट www.ncert.nic.in देखें। निर्धारित प्रपत्र में विधिवत् तैयार किए गए आवेदन / नामांकन श्री टी.एस. रौतेला, उप सचिव- भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, कमरा संख्या 503, डी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली– 110001 के पास रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर पहुँच जाने चाहिए।

भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)

संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के पद हेतु विज्ञापन

संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के पद वेतनमान रू.1,44,200 – 2,18,200 / - (अकादमिक लेवल-14) (संशोधन-पूर्व वेतन बैण्ड रू.37,400 से रू.67,000 /-) (वेतन बैण्ड-4) रू.10,000 /- की एजीपी सहित) हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन / नामांकन आमंत्रित हैं। संयुक्त निदेशक, एनसीईआरटी परिषद के प्रमुख कार्यपालक तथा अकादमिक अधिकारी के रूप में निदेशक, एनसीईआरटी को उनके कर्तव्यों के निर्वहन में सहायता करता है तथा निदेशक, एनसीईआरटी के दिशानिर्देश एवं मार्गदर्शन के अधीन परिषद तथा परिषद के संस्थानों के समुचित प्रशासन के लिए उत्तरदायी होता है। निदेशक, एनसीईआरटी की अनुपस्थिति में, समितियों की बैठकों की अध्यक्षता करने सहित निदेशक के वर्तमान कर्तव्य संयुक्त निदेशक, एनसीईआरटी द्वारा निष्पादित किए जाएंगे। यह नियुक्ति 5 वर्ष की अवधि तक अथवा 65 वर्ष की आयु तक अथवा आगामी आदेशों तक के लिए, जो भी पहले हो, होगी। ऐसा व्यक्ति जिसके मूल संगठन में सेवा-निवृत्ति आयु 65 वर्ष से कम हो, की संयुक्त निदेशक, एनसीईआरटी के रूप में नियुक्ति होने पर वह अपने मूल संगठन में यथा विनिर्दिष्ट अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवा-निवृत्त होगा/ होगी। यह चयन खोज-सह-चयन समिति की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार द्वारा किया जाएगा। यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण अथवा अल्पकालिक संविदा पर की जाएगी।

पात्रता :

(अ) **अनिवार्य :**

(i) संव्यावसायिक/ तकनीकी समन्वयन तथा पर्यवेक्षण कार्य अथवा अकादमिक प्रशासन में कुछ अनुभव सहित प्रोफेसर ग्रेड अथवा समतुल्य में 5 वर्ष का अनुभव।

(ii) शैक्षिक अनुसंधान, प्रशिक्षण, विस्तारण कार्यक्रम, आदि का अनुभव

(iii) आवेदनों की प्राप्ति की अन्तिम तिथि को आवेदक की आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। तथापि, विशेष-योग्यता प्राप्त अभ्यर्थियों के मामले में इसमें छूट दी जा सकती है।

(ब) वांछनीय :

उच्च कोटि के प्रकाशित कार्य के साथ प्रतिष्ठित विद्वान

2. संलग्न प्रपत्र में विधिवत् तैयार किए गए तथा ए4 आकार के कागज पर मुद्रित आवेदन/नामांकन इस विज्ञापन के रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर **उचित माध्यम द्वारा** श्री टी.एस. रौतेला, उप सचिव- भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, कमरा सं. 503, डी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 में पहुँच जाने चाहिए। आवेदनों/नामांकनों का अग्रेषण करते समय, संबद्ध व्यक्ति के मूल संगठन में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यह प्रमाणित किया जाए कि आवेदक द्वारा प्रपत्र में प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं तथा आवेदक के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला न तो लंबित है और न ही उस पर विचार किया जा रहा है। उचित माध्यम के बिना प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त अथवा किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदनों/नामांकनों पर भी विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नक

प्रपत्र

संयुक्त निदेशक, एनसीईआरटी, नई दिल्ली के पद के लिए आवेदन-प्रपत्र

नवीनतम फोटो

1. नाम (बड़े अक्षरों में) :
2. पिता / पति का नाम :
3. जन्म तिथि :
4. मूल संगठन में अधिवर्षिता की तिथि :
5. आवेदन की प्राप्ति की अन्तिम तिथि को आयु :
6. लिंग :
7. राष्ट्रीयता :
8. स्थायी पता (बड़े अक्षरों में) :
9. वर्तमान पता (बड़े अक्षरों में) :
10. दूरभाष सं., मोबाइल नं., ई-मेल पता :
11. दूरभाष सं. सहित वर्तमान कार्यालय का पता (बड़े अक्षरों में) :
12. शैक्षिक अर्हताएँ (स्नातक उपाधि के बाद) :

उत्तीर्ण परीक्षा	विश्वविद्यालय	उत्तीर्ण करने का वर्ष	विषय/क्षेत्र	अंकों का प्रतिशत/श्रेणी

13. धारित पदों का विवरण (वर्तमान पद सहित)

कार्यालय/संस्था का नाम	धारित पद	(दिनांक) से	(दिनांक) तक	वेतनमान	नियमित अथवा अस्थायी	कार्यों की प्रकृति

14. प्रोफेसर ग्रेड अथवा समतुल्य में 05 वर्ष के अनुभव का विवरण :

15. संव्यावसायिक/ तकनीकी/समन्वयन तथा पर्यवेक्षण कार्य अथवा अकादमिक प्रशासन में अनुभव का विवरण :

16. शैक्षिक अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा विस्तारण कार्यक्रम आदि के क्षेत्र में अनुभव :

17. प्रकाशनों का विवरण :

18. उपर्युक्त सूचना के अतिरिक्त कोई अन्य सूचना जिसे अभ्यर्थी उपलब्ध करवाना चाहे:

मैं, एतद्वारा यह घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण तथा सही हैं। मैं यह भी घोषणा करता हूँ और पूर्णत: समझता हूँ कि यदि प्रस्तुत की गई कोई भी सूचना किसी भी चरण पर मिथ्या या गलत पायी जाती है तो मेरे आवेदन / अभ्यर्थिता को किसी भी चरण पर सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा और यदि मेरी नियुक्ति पहले हो गई होगी तो मेरी सेवाओं को बिना किसी सूचना के समाप्त कर दिया जाएगा।

स्थान:
दिनांक:

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

अग्रेषण / नामित करने वाले प्राधिकारी की टिप्पणियाँ / संस्तुतियाँ :

अग्रेषित : ऊपर प्रस्तुत सूचना की संगत रिकार्डों में से जांच कर ली गई है और इसे सही पाया गया है।

(अग्रेषण / नामित करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और पदनाम)